# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)


पत्रांक : सम्ब0/1339/2026 दिनांक : 04/05/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय,
सम्बद्ध – डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में बैठक आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–2703/32–जी.एस./2025(NAAC) दिनांक 30.04.2026 के अनुपालन में माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में सम्बद्ध महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की जानी प्रस्तावित है। इसी क्रम में, विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक तैयारी एवं समन्वय हेतु मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार दिनांक 07.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे बृहस्पति भवन, विश्वविद्यालय परिसर, आगरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त बैठक में स्वयं उपस्थित होकर राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार निम्नांकित विषयों पर PowerPoint Presentation (PPT) सहित आवश्यक सूचनाएँ/आँकड़े तैयार कर साथ लाना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रस्तुतीकरण में सम्मिलित समस्त फोटोग्राफ जियो–टैग एवं कैप्शन सहित हों तथा एक स्लाइड पर अधिकतम दो फोटोग्राफ ही प्रदर्शित किये जाएँ।

आपकी उपस्थिति एवं अपेक्षित सूचनाओं के साथ सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

**संलग्नकः–यथोपरि।**

**भवदीय,**

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय–कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट–उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
3. अधिकृत एजेंसी–उक्त सूचना राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ–226027**

संख्या:ई-2703 /32-जी.एस / 2025(NAAC)

दिनांक: 30/04/ ,2026

प्रेषक:

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर),**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

1. **कुलपति,** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
2. **कुलपति,** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. **कुलपति,** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. **निजी सचिव,** माननीय कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उ.प्र. सरकार।
5. **निजी सचिव,** माननीय राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा, उ.प्र. सरकार।
6. **निजी सचिव,** माननीय केबिनेट मंत्री, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ.प्र. शासन।
7. **निजी सचिव,** माननीय राज्य मंत्री, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ.प्र. शासन।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय श्री राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में शासकीय एवं वित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की Power Point Presentation के साथ **जन भवन, लखनऊ** में समीक्षा बैठकें निम्नानुसार आयोजित की जानी है:–

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। | 08.05.2026 | 11:00 से 02:00 बजे तक |
| 2 | सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ। | 08.05.2026 | 03:00 से 06:00 बजे तक |
| 3 | डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा। | 11.05.2026 | 10:00 से 02:00 बजे तक |

2. उपर्युक्त बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर Power Point Presentation तैयार कर प्रस्तुतीकरण किया जायेगा:–

**2.1** संक्षिप्त परिचय

**2.2** महाविद्यालय में कितने प्रकार के कार्यक्रम संचालित हैं।

**2.3** शिक्षक संवर्ग का विवरण (कुल स्वीकृत पद, भरे एवं रिक्त पदों का विवरण)

**2.4** शिक्षणेत्तर कार्मिकों का विवरण (कुल स्वीकृत पद, भरे एवं रिक्त पदों का विवरण)

**2.5** छात्रों के प्रवेश की स्थिति
(छात्र संख्या, कुल स्वीकृत संख्या, प्रवेश छात्रों की संख्या एवं रिक्त संख्या)

**2.6** इन्फास्ट्रक्चर

- (कैम्पस, एडमेनिस्ट्रेटिव, एकेडेमिक भवन, क्लासरूम, हॉस्टल की सुविधा प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, खेल का मैदान आदि की जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटो, जिसमें छात्रगण उपयोग कर रहे हों, Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)
- (गेस्ट हाउस, शिक्षक एवं गैर शिक्षक का आवासीय भवन, प्रधानाचार्य / निदेशक भवन का जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ उपयोग करते हुए फोटो, Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)

**2.7** छात्र एवं शिक्षकों की उपलब्धियाँ
(पुस्तक प्रकाशन, आर्टिकल्स, पेटेंट, रिसर्च प्रोजेक्ट, आदि)

**2.8** सांस्कृतिक कार्यक्रम (जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटो)

**2.9** वाई–फाई की सुविधा(जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटो)

30/4/26

Scanned with CamScann

2.10 कान्फ्रेंस/सेमिनार/वेबिनार/वर्कशाप/शार्ट टर्म कोर्स आदि का विवरण एवं फोटोग्राफ Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)

2.11 रैंकिंग/Accreditation
(NIRF/SIRF, NBA/NAAC)

2.12 एम.ओ.यू.

2.13 सामाजिक गतिविधियाँ

2.14 वित्तीय प्रगति (आय-व्यय ब्यौरा के साथ)

2.15 N.S.S/N.C.C.

2.16 अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ एवं प्रगति

3. उपर्युक्त समस्त बिन्दुओं से **सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण में जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटोग्राफ Power Point Presentation में अनिवार्य रूप से** सम्मिलित किया जाय। एक पेज पर केवल दो फोटो ही प्रदर्शित की जाये।

4. उपर्युक्त बैठकों में विश्वविद्यालय से कुलपति एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य ससमय उपस्थित रहेगें।

5. कृपया कुलपतिगण उपरोक्तानुसार Power Point Presentation महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से ससमय प्राप्त कर एवं उक्त महाविद्यालयों की सूची, छात्र संख्या सहित, इस सचिवालय को एक दिवस पूर्व ई-मेल <dseducationsecup@gmail.com> पर word format में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6. उपर्युक्त बैठकों में माननीय मंत्रीगण को उनकी सुविधानुसार उपस्थित होने हेतु निजी सचिवगण उन्हें अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

30/4/26

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
( अपर मुख्य सचिव स्तर )

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग/कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ.प्र. शासन को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त बैठकों में विभाग से सचिव/विशेष सचिव को सम्मिलित होने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. परिसहाय, (पी/ए),श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
3. कम्पट्रोलर, गृह अधिष्ठान, जन भवन, उ.प्र.।
4. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, जन भवन, उ.प्र.।
5. अधीक्षक, उद्यान, जन भवन, उ.प्र.।
6. सूचना अधिकारी, जन भवन, लखनऊ।
7. सहायक अभियन्ता (सिविल/विद्युत), जन भवन, लखनऊ।
8. प्रोग्रामर, आई.टी. अनुभाग।
9. निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) को विशेष कार्याधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
10. निजी सचिव, विशेष सचिव, को विशेष सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
11. अपर निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) को विशेष कार्याधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।

**( हेमन्त कुमार चौधरी )**
कुलाधिपति के उप सचिव

Scanned with CamScann